प्रचंड धूप और लू के थपेड़ों से तप रही ऊर्जाधानी

गुरुवार को 43 डिग्री पहुंचा तापमान, हीट वेब से बढ़े बुखार, उल्टी-दस्त और डिहाइड्रेशन के मरीज

नवभारत न्यूज

सिंगरौली, 28 मई। जिले में पिछले करीब एक पखवाड़े से भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार जारी है। आसमान से बरस रही आग ने लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। आज गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह के समय आसमान में हल्के बादल छाए रहने और हवाओं के चलने से लोगों को थोड़ी राहत जरूर महसूस हुई, लेकिन दोपहर होते-होते सूरज की तपिश और गर्म हवाओं ने फिर लोगों को बेहाल कर दिया।

दोपहर करीब 2 बजे के बाद चिलचिलाती धूप का असर पूरे जिले में साफ दिखाई देने लगा। तेज धूप और लू के थपेड़ों के कारण लोग घरों से बाहर निकलने से बचते नजर आए। बैढ़न शहर के महाजन मोड़ से लेकर विंध्यनगर मार्ग तक दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। सामान्य दिनों में जहां वाहनों और लोगों की आवाजाही बनी रहती है, वहीं इन दिनों दोपहर में सड़कें लगभग सूनी दिखाई दे रही हैं। कई दुकानदार भी गर्मी के कारण दोपहर के समय दुकानें बंद कर आराम करने को मजबूर हैं। गर्मी का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर भी तेजी से दिखाई देने लगा है। जिले के शासकीय अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और निजी नर्सिंग होम में हीट वेब से प्रभावित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अस्पतालों में बुखार, उल्टी, दस्त, कमजोरी, चक्कर और डिहाइड्रेशन के मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि तेज धूप में लंबे समय तक रहने और पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पीने से लोग तेजी से बीमार हो रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार छोटे बच्चे, बुजुर्ग और पहले से बीमार लोग हीट वेब से सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अत्यधिक आवश्यकता होने पर ही बाहर निकलने की सलाह दी है। बाहर निकलते समय सिर को गमछा, टोपी या कपड़े से ढंकने तथा हल्के सूती कपड़े पहनने की सलाह दी जा रही है।

चिकित्सकों ने दी ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ पीने की सलाह

चिकित्सक डॉ. डीके मिश्रा ने लोगों से अधिक से अधिक पानी पीने, नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी, ग्लूकोज और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों को सतर्क रहने और लू के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेने की सलाह दी है। जिले में लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण बिजली और पानी की मांग भी बढ़ गई है। कई क्षेत्रों में दोपहर के समय लोग पेयजल संकट और बिजली कटौती की समस्या से भी परेशान दिखाई दे रहे हैं। गर्म हवाओं और उमस भरे मौसम ने लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित कर दी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक जिले में गर्मी और लू का असर जारी रहने की संभावना है। ऐसे में प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों से सतर्क रहने तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां अपनाने की अपील की जा रही है।

बैढ़न की हवा बन रही जहर, प्रदूषण नियंत्रण पर सवाल

जिले के बैढ़न क्षेत्र में वायु प्रदूषण लगातार गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। आज गुरुवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स 184 दर्ज किया गया, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक श्रेणी में माना जाता है। हालांकि पिछले दिनों यह आंकड़ा 400 के पार पहुंच गया था, जिससे लोगों को सांस लेने तक में दिक्कत होने लगी थी। आज एक्यूआई में कुछ राहत जरूर देखने को मिली, लेकिन हालात अब भी चिंताजनक बने हुए हैं। जानकारी के अनुसार जिले में सबसे खराब एयर क्वालिटी मोरवा क्षेत्र की दर्ज की जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कोयला खदानों, राखड़, भारी वाहनों और औद्योगिक गतिविधियों के कारण पूरे क्षेत्र की हवा जहरीली होती जा रही है। इसके बावजूद संबंधित विभाग प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रहे हैं। लोगों ने क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर भी सवाल खड़े किए हैं। आरोप है कि वर्षों से लगातार बढ़ रहे प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, जिसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। सांस, एलर्जी और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं।

दो दिन से धू-धू कर धधक रहा घोघरा का जंगल

जिले के वन परिक्षेत्र चितरंगी क्षेत्र का मामला

नवभारत न्यूज

चितरंगी 28 मई। स्थानीय वन परिक्षेत्र के घोघरा जंगल में पिछले दो दिनों से भीषण आग लगी हुई है और यह आग लगातार बढ़ रही है। गुरूवार की शाम तक आग फैलती ही जा रही है। वही आरोप है कि वन अमला बेसूध है।

जानकारी के अनुसार घोघरा से लेकर अमरापान जंगल में पिछले दो दिनों से आग लगी हुई है। आलम यह है कि जंगल धू-धू कर जल रहा है। सूचना के बावजूद वन अमले की नींद नही टूट रही है। जबकि आग 2 किलोमीटर परिधि तक फैल चुकी है। जंगल में बांस, हल्दी के पेड़ समेत अन्य बेशकीमती पेड़-पौधे जल जा रहे हैं। वहीं जानवर जंगल छोड़ कर भाग रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जंगल के धुएं का असर गांवों में भी शाम के वक्त दिखाया जा रहा है। ग्रामीणों ने इस ओर कलेक्टर एवं डीएफओ का ध्यान आकृष्ट कराया है।

एक नजर में

बेकाबू स्कॉर्पियों वाहन पलटी,चार घायल

सिंगरौली। माड़ा थाना क्षेत्र के रजमिलान में आज गुरूवार की दोपहर के वक्त एक बेकाबू स्कॉर्पियों वाहन पलट गई। जिसमें चालक ने चार लोगों को टक्कर मारा। जानकारी के अनुसार रजमिलान गांव के सड़क मार्ग में एक तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक एमपी 66 सीए 1351 ने लोगो को जोरदार टक्कर मारते हुए सड़क पर काफी दूर तक फिसलती चली गई। हादसे में करीब 4 लोगों के घायल होने की खबर है। हालांकि मामला थाने तक नही पहुंच पाई है।

भाजपा की विशेष कार्यशाला आयोजित

सिंगरौली। भाजपा जिला कार्यालय में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलतम 12 वर्ष विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह की मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। भाजपा आगामी 5 जून से 21 जून तक अखिल भारतीय स्तर पर कार्यक्रमों की विशेष श्रृंखला आयोजित कर रही है, जिस क्रम में सिंगरौली भाजपा ने इन कार्यक्रमों को धरातल पर उतारने के लिए कमर कस ली है।

डोंगरी गांव में तेंदूपत्ता से भरे ट्रक में भीषण आग

चालक-खलासी ने कूदकर बचाई जान, वाहन जलकर राख

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 28 मई। जिले के लंघाडोल थाना क्षेत्र अंतर्गत डोगरी इलाके में आज गुरुवार की दोपहर तेंदूपत्ता से लदे एक ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे ट्रक धू-धू कर जलने लगा। घटना के दौरान इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक में आग लगते ही चालक और खलासी ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। दोनों सुरक्षित बताए जा रहे हैं, लेकिन आग की चपेट में आने से ट्रक पूरी तरह जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस एवं वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर म.प्र. पुलिस की लंघाडोल थाना पुलिस तथा वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि आग इतनी तेजी से फैली कि फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही ट्रक में भरा अधिकांश तेंदूपत्ता जल चुका था। आग बुझाने के प्रयास किए गए, लेकिन तब तक वाहन को भारी नुकसान हो चुका था। लंघाडोल थाना पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में लगभग 90 प्रतिशत तेंदूपत्ता जलने की बात सामने आई है। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस और वन विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है तथा यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आग तकनीकी खराबी से लगी या किसी अन्य कारण से।

मझौली में कोलयार्ड निर्माण का विरोध तेज, ग्रामीणों ने सौंपा आपत्ति पत्र

स्कूल और बस्ती के पास कोलयार्ड पर भड़के ग्रामीण, आंदोलन की चेतावनी, सरपंच समेत ग्रामीणों ने किया विरोध

नवभारत न्यूज

बरगवां 28 मई। बरगवां तहसील अंतर्गत मझौली रेलवे स्टेशन परिसर में प्रस्तावित कोलयार्ड निर्माण को लेकर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। गत दिवस बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जनपद सदस्य लवलेश सिंह के नेतृत्व में स्टेशन मास्टर मझौली को आपत्ति पत्र सौंपकर कोलयार्ड निर्माण कार्य तत्काल बंद कराने की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार कोलयार्ड, विद्यालय, भवन एवं आबादी क्षेत्र से लगभग 200 मीटर की दूरी पर होना चाहिए, जबकि प्रस्तावित कोलयार्ड विद्यालय और आदिवासी बस्ती के समीप बनाया जा रहा है। इससे क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ने के साथ बच्चों एवं ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। आपत्ति पत्र में उल्लेख किया गया है कि कोयले की धूल के कारण छोटे-छोटे बच्चे गंभीर बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। साथ ही किसानों की खेती और आसपास का वातावरण भी प्रभावित होगा। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोलयार्ड निर्माण कार्य पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई तो क्षेत्रवासी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

ग्रामीणों का आरोप है कि जनभावनाओं की अनदेखी कर आबादी क्षेत्र के पास कोलयार्ड निर्माण कराया जा रहा है, जिससे आने वाले समय में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन और रेलवे विभाग से जनहित को ध्यान में रखते हुए निर्माण स्थल बदलने की मांग उठाई। इस दौरान स्थानीय राय सिंह मरावी, लवलेश सिंह, वार्ड क्रमांक 9 उर्जैनी के जनप्रतिनिधि, ओड़गड़ी सरपंच शिव शंकर उर्फ मुन्ना बैस सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि मौजूद।

शिक्षा ही जीवन में सफलता प्राप्त करने का मजबूत आधार है : सविता

आरएलआई विंध्याचल में जेम की बालिकाओं को ननि आयुक्त ने किया प्रेरित

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 28 मई। आरएलआई विंध्याचल में आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत सिंगरौली ननि आयुक्त सविता प्रधान गौर ने जेम बालिकाओं के साथ प्रेरणादायक संवाद किया।

ननि आयुक्त ने बालिकाओं को रंग, पारिवारिक पृष्ठभूमि अथवा ज्ञान के स्तर के आधार पर होने वाले भेदभाव से ऊपर उठकर आत्मविश्वास एवं दृढ़ संकल्प के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। आगे कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता प्राप्त करने का सबसे मजबूत आधार है। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण तथ्य साझा करते हुए बताया कि देश के अधिकांश सिविल सेवक सरकारी विद्यालयों से शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़े हैं।

उन्होंने जेम बालिकाओं को निरंतर प्रेरित रहने, स्वयं पर विश्वास रखने तथा यह मानने के लिए प्रोत्साहित किया कि कोई भी सपना उनकी पहुंच से दूर नहीं है। इस प्रकार के प्रेरणादायी संवाद जेम बालिकाओं को बड़े सपने देखने, ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने तथा जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रेरित कर रहे हैं। इस अवसर पर रूमा दे शर्मा मानव संसाधन प्रमुख प्रणव वर्मा, अपर महाप्रबंधक एवं डेविड देशमुख, कार्यपालक भी मौजूद रहे।

नमाजियों ने अल्लाह से अमन-चैन की मांगी दुआएं

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 28 मई। ईद उल अजहा बकरीद का पर्व आज गुरुवार को जिलेभर में धार्मिक आस्था, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण के बीच मनाया गया। जिला मुख्यालय बैढ़न स्थित बड़ी ईदगाह में सुबह बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने एकत्र होकर नमाज अदा की। इस दौरान लगभग सैकड़ो नमाजियों ने अल्लाह की इबादत कर देश एवं प्रदेश में अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी।

कोतवाली के बलियरी से रहस्यमयी तरीके से किशोरी गायब

पीड़ित परिवार जन ने एसपी से लगायी गुहार, कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली से नाखुश

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 28 मई। जिले के बैढ़न थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुआ बलियरी निवासी एक नाबालिग पुत्री के रहस्यमयी ढंग से लापता हो जाने से परिवार परेशान है। परिजनों ने मामले में संदेह जताते हुए एसपी से न्याय एवं त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार जमुआ बलियरी निवासी ने कोतवाली बैढ़न में लिखित आवेदन देकर बताया कि 15 मई की सुबह वह ड्यूटी पर चले गए थे, जबकि उनकी पत्नी बैढ़न दवा कराने गई हुई थीं। घर में उनकी दो बेटियां और एक बेटा मौजूद थे। दोपहर करीब 2 बजे जब उनकी पत्नी वापस लौटीं तो उनकी पुत्री घर में नहीं मिली। परिजनों ने तत्काल आसपास खेत, मैदान, पड़ोस एवं रिश्तेदारों के यहां तलाश शुरू की, लेकिन देर शाम तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका। घटना के बाद से परिवार गहरे सदमे और भय के माहौल में है। परिवार ने आवेदन में आरोप लगाया है कि बलियरी के पास रहने वाला एक दूसरे समाज का युवक पूर्व में भी उनकी पुत्री को भगाकर ले जा चुका है। उस मामले में पुलिस कार्रवाई के बाद आरोपी को जेल भेजा गया था तथा वह करीब तीन महीने की सजा काट चुका है। वर्तमान में मामला न्यायालय में विचाराधीन बताया गया है और आरोपी जमानत पर बाहर है। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद से युवक भी अपने घर से गायब है। परिवार द्वारा उसके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन पहले कॉल रिसीव नहीं हुआ और बाद में मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। इसी आधार पर परिजनों ने आशंका जताई है कि आरोपी उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पीड़ित परिवार ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी पूर्व में कई बार उन्हें डराने-धमकाने के साथ जान से मारने की धमकी दे चुका है, जिससे परिवार भयभीत है। वही इसी मामले की जानकारी वार्ड 39 के पूर्व पार्षद मधु शर्मा को दी गई, जिन्होंने उक्त घटना को संज्ञान लेते हुए कोतवाली पुलिस टीआई अशोक सिंह परिहार से संपर्क कर रिपोर्ट दर्ज करवाई।

एनटीपीसी सिंगरौली का विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित

नवभारत न्यूज

शक्तिनगर 28 मई। एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत रविवार बाजार, शक्तिनगर परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान एवं जनसहभागिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता को बढ़ावा देना तथा नागरिकों को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर वातावरण के निर्माणके लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएच किशोर कुमार महाप्रबंधक रहे। अपने संबोधन में सीएच किशोर कुमार ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व एवं जीवनशैली का अभिन्न अंग है।

उन्होंने सभी उपस्थितजनों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता को दैनिक जीवन में अपनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनें तथा स्वच्छ भारत के संकल्प को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करें। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक सहभागिता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में पेड़ लगाने पर जोर : संजय

नवभारत न्यूज

रिहंदनगर 28 मई। एनटीपीसी रिहंद में मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत कर्मचारी विकास केंद्र में वृहद वृक्षारोपण का अभियान चलाया गया।

यह अभियान पर्यावरण स्थिरता, सफाई और एक स्वस्थ और टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करने में हरियाली की अहम भूमिका के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए चलाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि संजय असाटी मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख ने बालिका सशक्तीकरण अभियान में प्रतिभाग कर रहीं बालिकाओं साथ पौधे लगाकर किया। इस अभियान में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, यूनियन और असोसियेशन के प्रतिनिधिगण एवं कर्मचारियों सहित अन्य ने भाग लिया।

इस अभियान में लोगों की बड़ी संख्या में प्रतिभागिता से पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति समूहिक प्रतिबद्धता दिखाई दी।

श्री असाटी ने बालिका सशक्तीकरण में प्रतिभाग कर रहीं बालिकाओं व अन्य उपास्थितजनों को संबोधित करते हुए पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में पेड़ लगाने के महत्व पर जोर दिया।

सड़क हादसों के बाद परिवहन विभाग अलर्ट, बसों की सघन जांच शुरू

ट्रेलर-बाइक हादसों पर सख्ती, सिंगरौली-सोनभद्र मार्ग पर चला चेकिंग अभियान

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 28 मई। जिले में हाल के दिनों में ट्रिप वाहनों, ट्रेलरों, बाइक एवं यात्री बसों से जुड़े सड़क हादसों के बाद परिवहन विभाग सख्त कार्रवाई के मूड में नजर आ रहा है। म.प्र. परिवहन आयुक्त उमेश जोगा के निर्देश पर प्रदेशभर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में सिंगरौली-सोनभद्र मार्ग पर झूराई स्थित आरटीओ चेकपॉइंट सिंगरौली-1 में यात्री बसों एवं अन्य वाहनों की सघन जांच शुरू की गई है।

प्रभारी अधिकारी के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान के दौरान बसों के परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस एवं पीयूसी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जा रही है। इसके साथ ही आपातकालीन खिड़की, अग्निशमन यंत्र और मेडिकल किट जैसे सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता भी अनिवार्य रूप से देखी जा रही है।

सुरक्षा मानकों के अनदेखी पर चालानी कार्रवाई

जांच के दौरान कई वाहनों में सुरक्षा मानकों की केवल औपचारिक पूर्ति पाए जाने पर अधिकारियों ने नाराजगी जताई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई, वहीं अधूरे दस्तावेज रखने वाले वाहन मालिकों को सख्त चेतावनी दी गई। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सड़क हादसों को रोकने के लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के निर्देश पर कल 29 मई को जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर के मार्गदर्शन में यात्री वाहनों, स्कूल बसों एवं मालवाहक वाहनों में रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने का विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। विभाग का मानना है कि इससे रात्रि के समय दुर्घटनाओं में कमी लाने में मदद मिलेगी।